कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,
O/o The Controller General of Defence Accounts
उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-10
Ulan Batar Road,Palam,Delhi Cantt.-10

अ.टि. सं. 0746/हि.क./सं.सं.नि./पत्राचार दिनांक: 30.11.2015

सेवा में,

सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
प्रधान लेखा नियंत्रक (फै.) कोलकाता

विषय : संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य।

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा रक्षा लेखा विभाग के विभिन्न कार्यालयों का समय-समय पर राजभाषा निरीक्षण किया जाता रहा है। रक्षा मंत्रालय (वित्त) ने अपने एक दिनांक 27.08.2016 के अ.शा.पत्र में कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों का उल्लेख किया है, जो उक्त निरीक्षणों के दौरान सामने आए। तदनुसार, आपको निम्नलिखित अनुदेश इस आशय से दिए जा रहे हैं कि इनका समुचित अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

1. आपके कार्यालय में राजभाषा संबंधी कार्य के लिए उत्तरदायी अधिकारी को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं और संगोष्ठियों में नामित किया जाए ताकि उन्हें राजभाषा संबंधी नियमों तथा प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जा सके।

2. राजभाषा कार्य की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा की जाए। तिमाहीवार समीक्षा ध्यानपूर्वक की जाए।

3. हिन्दी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के लिए 'कार्यालय व्यय' शीर्ष के अंतर्गत अलग वित्तीय प्रावधान किया जाए।

4. हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों से अधिक से अधिक काम हिन्दी में कराया जाए और उन्हें व्यक्तिशः आदेश जारी किए जाएं।

(मोहिन्दर सिंह)
रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक(रा.भा.)

**प्रतिलिपि :-**

संयुक्त सचिव एवं अपर वित्तीय सलाहकार
रक्षा मंत्रालय (वित्त) - उनके दिनांक 03.09.2015 के अ.शा. पत्र सं. ई-11011/18/2013-हिंदी
साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली के संदर्भ में सूचनार्थ।

— ह० —
(दिलीप कुमार)
सहायक निदेशक (रा.भा.)